वेस्टपोर्ट गांव

villageofwestport.ca

वेस्टपोर्ट (Westport) हमेशा किसी न किसी गतिविधि का केन्द्र बना रहता है। यह खूबसूरत गांव 'रिड्यू (Rideau) झीलों का हृदय' कहलाता है, ऐसा इसलिए क्योंकि यह नौपरिवहन योग्य रिड्यू नहर प्रणाली के शीर्ष पर अपर रिड्यू झील के पश्चिमी किनारे पर स्थित है। यहाँ के मानवनिर्मित द्वीप के सार्वजनिक बंदरगाह में तकरीबन 30 नौकाओं के लिए जगह है। इस बंदरगाह में पिकनिक की जगह है। यहाँ मछली पकड़ने में बहुत आनंद आता है क्योंकि लगभग आधी सदी पहले प्रांतीय सरकारों द्वारा बनवाए गए मछलीपालन के तालाबों से यह झील जुड़ी हुई है। यद्यपि मछली पालन के तालाबों में मछली पकड़ने की अनुमति नहीं है लेकिन अपर रिड्यू झील, वेस्टपोर्ट झील (Westport Lake), सैंड झील (Sand Lake) या अनेक अन्य छोटे जलस्रोतों में आप मछली पकड़ने का आनंद ले सकते हैं। यह नौकायन, पैदल चलने और घूमने-फिरने का शौक रखने वालों के लिए आदर्श जगह है।

वेस्टपोर्ट अपनी खूबसूरती और आर्थिक गतिविधियों और खरीदारी के लिए पसंदीदा जगह के तौर मशहूर है। यहाँ शिल्प, कला, आभूषण, सजावटी सामान और भी बहुत-सी चीजों की दुकानें आपको मिल जाएंगी। यहाँ अनेक कॉटेज, ठहरने और तंबू लगाने की जगह हैं। वेस्टपोर्ट बेसिन (Westport Basin) का बेहतरीन नजारा देखने के लिए फोले पर्वत पर स्थित स्पाई रॉक तक चढ़ाई करें।

कुल जनसंख्या 634 (Statistics Canada Census 2021)
जनवरी माह के मध्य तापमान -8 °C (18 °F)
जुलाई माह के मध्य तापमान 21 °C (70 °F)
औसत वार्षिक वर्षा 1,055 mm
प्रति व्यक्ति आय $62,400
औसत घरेलू आय $71,200
औसत बेरोजगारी दर 18 %
दसवीं कक्षा तक पढ़े वयस्क 110
कॉलेज या विश्वविद्यालय डिप्लोमा तक पढ़े वयस्क 165
औसत 2 बेडरूम के मासिक अपार्टमेंट किराये की लागत $1,937
औसत 3 बेडरूम अलग बंगला: $464,000

अधिक जानकारी
Kim Westgate, प्रशासक
वेस्टपोर्ट गांव
PO Box 68, 30 Bedford Street; Westport, Ontario K0G 1X0 Canada
613-273-2191 / cao@villageofwestport.ca

Leeds Grenville
where lifestyle grows good business

invest.leedsgrenville.com